मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 35] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 27 अगस्त 2010—भाद्र 5, शक 1932

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

Bhopal, the 15th June 2010

No. E-5-502-IAS-Leave-5-One.—Sanction is hereby accorded to Dr. J. T. Ekka, IAS (1986) Commissioner-cum-Director, Bhopal Gas Tragedy Relief and Rehabilitation to avail ex-India earned leave from 11th to 28th August, 2010 with permission to suffix gazetted holidays falling on dated 29th August, 2010.

(2) Shri Arun Tiwari, IAS (1992), Director, AIDS & Ex-Officio Secretary Government of Madhya Pradesh Public Health and Family Welfare Deptt., shall hold the additional charge of Commissioner-cum-Director, Bhopal Gas Tragedy Relief And Rehabilitation, during the leave period of Dr. J. T. Ekka.

(3) On return from leave Dr. J. T. Ekka is again posted as officiating Commissioner-cum Director, Bhopal Gas Tragedy Relief and Rehabilitation, temporarily, until further orders.

(4) Shri Arun Tiwari, IAS (1992), Director, AIDS & Ex-Officio Secretary, Government of Madhya Pradesh, Public Health and Family Welfare Department shall be relieved from the additional charge of Commissioner-cum-Director, Bhopal Gas Tragedy Relief and Rehabilitation after Dr. J. T. Ekka joins the post on return from leave.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

(5) Dr. J. T. Ekka will be entitled to draw leave salary and other allowances on the same rates he was getting before proceeding on leave.

(6) It is certified that had Dr. J. T. Ekka not proceeded on leave, he would have continued on this post.

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. ई-5-613-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, आयएएस., प्रबंध संचालक, पाठ्यपुस्तक निगम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग को दिनांक 16 अगस्त से 4 सितम्बर 2010 तक बीस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 5 सितम्बर 2010 के सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, पाठ्य पुस्तक निगम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव को अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-1-312-2010-5-एक.—भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति से लौटने पर श्री पी. के. दाश, भाप्रसे (1981), को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग पदस्थ किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री पी. के. दाश, भाप्रसे (1981), द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री वी. सी. सेमवाल, भाप्रसे (1985), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-आयुक्त, उद्योग, मध्यप्रदेश तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग केवल पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

भोपाल, दिनांक 16 अगस्त 2010

क्र. ई-1-321-2010-5-एक.—श्री एस. बी. सिंह, भाप्रसे (1993), कमिश्नर, ग्वालियर संभाग, ग्वालियर के अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री एस. डी. अग्रवाल, भाप्रसे (1989), कमिश्नर, चंबल संभाग, मुरैना को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-484-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री प्रभाकर बंसोड़, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जन शिकायत निवारण एवं सामान्य प्रशासन विभाग (मानव अधिकार) को दिनांक 3 से 17 सितम्बर 2010 तक पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. इस अवकाश के साथ दिनांक 2 एवं 18, 19 सितम्बर 2010 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रभाकर बंसोड़ को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जन शिकायत निवारण एवं सामान्य प्रशासन विभाग (मानव अधिकार) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रभाकर बंसोड़, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रभाकर बंसोड़, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-1-320-2010-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गए पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

क्रमांक	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	श्री श्रीमन शुक्ला (2007), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), शुजालपुर जिला शाजापुर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, होशंगाबाद (कनिष्ठ वेतनमान).
2	श्री नागरगोजे मदन विभीषण (2007), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जावरा जिला रतलाम.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, हरदा. (कनिष्ठ वेतनमान).

भोपाल, दिनांक 17 अगस्त 2010

क्र. ई-1-303-2010-5-एक.—श्रीमती सीमा शर्मा, भाप्रसे (1992), नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग तथा पदेन अपर राहत आयुक्त को अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पुनर्वास एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग भी घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

क्र. एफ- ए-5-11-2010-एक (1).— राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदया श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार कम्युटेड अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ.क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
1	28 जून 2010 से 9 जुलाई 2010 तक.	12 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्यूटेड	-
	इसी अनुक्रम में दिनांक 10 जुलाई 2010 से 30 जुलाई 2010 तक.	21 दिन	अवकाश	
		कुल 33 दिन		

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

भोंपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. ई-5-481-आयएएस-लीव-5-एक.— श्री इकबाल सिंह बैंस, आयएएस., प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमानन विभाग तथा पर्यटन विभाग एवं पदेन आयुक्त, पर्यटन, मध्यप्रदेश को दिनांक 29 जुलाई से 3 अगस्त 2010 तक छः दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री इकबाल सिंह बैस को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमानन विभाग तथा पर्यटन विभाग एवं पदेन आयुक्त, पर्यटन, मध्यप्रदेश के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री इकबाल सिंह बैस को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री इकबाल सिंह बैंस, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-812-आयएएस-लीव-5-एक.— श्री जी.पी. कबीरपंथी, आयएएस., उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को दिनांक 1 अप्रैल से 14 मई 2010 तक चवालीस दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री जी. पी. कबीरपंथी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री जी. पी. कबीरपंथी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमामित किया जाता है कि यदि श्री जी. पी. कबीरपंथी, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. पन्त, अवर सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 2 अगस्त 2010

क्र. एफ- 5-35-2009-2-उन्तीस.—उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, चयन समिति की सिफारिश पर श्री सुरेन्द्र कुमार सक्सेना आत्मज श्री पुरुषोत्तम लाल को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, राजगढ़ में उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से सदस्य के रूप में नियुक्त करता है.

(2) जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक जिला उपभोक्ता फोरम में उपस्थित रहेंगे. उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे बिना उपयुक्त कारण के फोरम की बैठक में तीन बार अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही की जावेगी. सदस्य को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना अनिवार्य होगा.

No. F. 5-35-2009-2-XXIX.—In exercise of the power conferred by sub-section (1-A) of Section 10 the Consumer Protection Act, 1986 (No. 68 of 1986) and on recommendation of the Selection Committee, the State Government hereby appoint shri Surander Kumar Saxena S/o shri Pursotam Lal as the member in the District Consumer Disputes Redressal Forum, Rajghar with effect from the date he takes over the charge of the office.

The member of the District Consumer Forum should positively attend office on every working day from 10.30 AM to 4.00 PM and is instructed that if he

remains absent continuously for three consecutive sitting of the forum, except for a reasonable cause, then action will be taken to remove him from the membership of the District Consumer Forum. The member of the District Consumer Forum have to participate in the training provided by the State/Central Government from time to time.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ललित दाहिमा, उपसचिव.

पशुपालन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 अगस्त 2010

क्र. एफ 23-15-2007-पैंतीस.—भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 52) की धारा 32 की उपधारा (1) के खण्ड (ङ) के अन्तर्गत नामांकन के फलस्वरूप धारा 32 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, डॉ. टी.पी. वैद्य, पशु चिकित्सा, सहायक शल्यज्ञ, शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, हताईखेड़ा, भोपाल को पशु चिकित्सा परिषद् , मध्यप्रदेश के सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट होने की अधिसूचना जारी करती है.

No. F 23-15-2007-XXXV.—In exercise of the power conferred by sub-section (2) of Section 32 of the Indian Veterinary Council Act, 1984 (No. 52 of 1984) in context to nomination under clause (e) of sub-section (1) of Section 32 of the India Veterinary Council Act, 1984 (No. 52 of 1984), the State Government hereby notify the nomination of Dr. T.P. Vaidya, Veterinary Assistant Surgen, Govt. Poultry Farm, Hataikheda, Bhopal as member of Veterinary Council Madhya Pradesh.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. पी. अहिरवार, उपसचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 अगस्त 2010

क्र. एफ 1(ए)112-86-ब-2-दो.—श्री सुखराज सिंह, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (नारकोटिक्स) पु.मु. भोपाल को Phase-V Training of Mid Carreer में भाग लेने के उपरान्त लंदन (यू.के.) में प्रवास हेतु दिनांक 1 अगस्त 2010 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ सहित दिनांक 2 से 5 अगस्त 2010 तक कुल चार दिवस का अर्जित अवकाश (Ex India) निम्नलिखित शर्तों के साथ स्वीकृत किया जाता है:—

(1) विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.

(2) विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.

(3) विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) श्री सुखराज सिंह, भापुसे, की अवकाश अवधि में डॉ. आर.के. गर्ग, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (रेल), भोपाल को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) पु.मु., भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) श्री सुखराज सिंह, भापुसे, द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) पु.मु. भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. आर. के. गर्ग भापुसे, उक्त पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर, श्री सुखराज सिंह, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स), पु.मु., भोपाल के पद पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाश काल में श्री सुखराज सिंह, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सुखराज सिंह, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहेंगे.

क्र. एफ 1(ए) 180-86-ब-2-दो.—श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (प्रशासन) पु.मु. भोपाल को Phase-V Training of Mid Carreer में भाग लेने के उपरान्त लंदन (यू.के.) में प्रवास हेतु दिनांक 1 अगस्त 2010 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ सहित दिनांक 2 से 5 अगस्त 2010 तक कुल चार दिवस का अर्जित अवकाश (Ex India) निम्नलिखित शर्तों के साथ स्वीकृत किया जाता है:—

(1) विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.

(2) विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.

(3) विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, की अवकाश अवधि में श्री अशोक दोहरे, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (चयन), पुलिस मुख्यालय, भोपाल को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) पु.मु., भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) पु.मु., भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अशोक दोहरे, भापुसे, उक्त पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(4) अवकाश से लौटने पर, श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाश काल में श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश ओगरे, अवर सचिव.

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. एफ 4-3-2010-चौवन-2.—राज्य शासन द्वारा भोपाल, रायसेन एवं सीहोर जिले की मसाजिद कमेटी की कार्य नियमावली के नियम-3 एवं 4 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए एतद्द्वारा उपर्युक्त जिलों के लिए मसाजिद कमेटी का गठन करता है:—

(1) श्री अब्दुल हकीम कुरैशी, अध्यक्ष
पुत्र श्री अब्दुल हमीद कुरैशी,
847, इस्लामपुरा, भोपाल.

(2) श्री सईद फारूखी, सचिव
पुत्र श्री अब्दुल मतीन फारूखी,
खैरी छापा बड़वाई, तहसील
गौहरगंज, रायसेन.

(3) श्री अनवर हुसैन, सदस्य
पुत्र श्री अख्तर हुसैन,
किला मोहल्ला, आष्टा, सीहोर.

(4) श्री मो. अमीन, सदस्य
पुत्र श्री शेख अहमद,
तहसील मोहल्ला, वार्ड नं. 16,
रायसेन.

(6) शहर काजी-आरिफ बारी, सदस्य
आष्टा, जिला-सीहोर.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. एस. खैरवार, उपसचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. डी-15-12-2010-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-12-2010-चौदह-3, दिनांक 19 मई 2010 द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड (एक) के उपबन्धों के अधीन मंदसौर जिले की तहसील शामगढ़ के ग्राम झोबरा का समाविष्ट क्षेत्र (जो इसमें इसके पश्चात् "उक्त क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) को अपवर्जित करके उक्त मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने के अपने आशय को और उक्त मंडी क्षेत्र में नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित जिला मन्दसौर की तहसील शामगढ़ के ग्रामों में समाविष्ट क्षेत्र (जो इसमें इसके पश्चात् "उक्त क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) को सम्मिलित करके उक्त मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने का अपने आशय को संज्ञापित किया गया था.

अतएव मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 71 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस अधिसूचना के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये मंदसौर जिले की तहसील शामगढ़ के ग्राम झोबरा का समाविष्ट क्षेत्र (जो इसमें इसके पश्चात् "उक्त क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) को अपवर्जित करके उक्त मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने के अपने आशय को और उक्त मंडी क्षेत्र में नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित जिला मन्दसौर की तहसील शामगढ़ के ग्रामों में समाविष्ट क्षेत्र (जो इसमें इसके पश्चात् "उक्त क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) को सम्मिलित करके उक्त मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन किया जाता है:—

अनुसूची

(1) चांदखेड़ी बुजुर्ग, (2) पिपल्या घाटा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. बघेल, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. डी-15-12-2010-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 12 अगस्त 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. बघेल, अपर सचिव.

Bhopal, the 12th August 2010

No.D-15-12-2010-XIV-3.—WHEREAS by this department Notification No. D-15-12-2010-XIV-3, dated 19th May, 2010 issued under the provisions of clause (i) of sub-section (1) of Section 71 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government have signified its intention to alter the limit of the "said market area" by excluding therefrom the area comprising of village of Jhobra in Shayamgarh Tehsil of District Mandsaur (hereinafter referred to as the "said area") and it is proposed to alter the limit of the "said market area" by including therein the area comprising of villages specified in the schedule below in Shayamgarh Tehsil of District Mandsaur. (hereinafter referred to as the "said area").

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub section (2) of Section 71 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette, hereby alter the limit of the "said market area" by excluding therefrom the area comprising of village of Jhobra in Shayamgarh Tehsil of District Mandsaur (hereinafter referred to as the "said area") and it is proposed to alter the limit of the "said market area" by including therein the area comprising of villages specified in the schedule below in Shayamgarh Tehsil of District Mandsaur. (hereinafter referred to as the "said area"):—

SCHEDULE

1. Chandkhedi Bujurg, 2. Pipaliya Ghata.

By Order and in the name of the Governor of the
Madhya Pradesh,
B.S. BAGHEL, Addl. Secy.

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. डी-15-12-2010-चौदह-3.—चूंकि राज्य शासन द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-12-2010-चौदह-3, दिनांक 19 मई 2010 द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड (एक) के उपबन्धों के अधीन मंदसौर जिले की कृषि उपज मंडी समिति गरोठ के निम्नलिखित ग्रामों में समाविष्ट क्षेत्र को (जो इसमें इसके पश्चात् "उक्त मंडी क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है) को सम्मिलित करके मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने के अपने आशय को संज्ञापित किया गया था.

अतएव, मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 71 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस अधिसूचना का मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखित ग्रामों में समाविष्ट "उक्त क्षेत्र" को उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये मन्दसौर जिले की कृषि उपज मंडी समिति गरोठ के "मंडी क्षेत्र" में सम्मिलित करते हुये "उक्त मंडी क्षेत्र" की सीमाओं में परिवर्तन किया जाता है:—

अनुसूची

1. गरोठ, 2. भीलखेड़ी, 3. बाराखेड़ी, 4. हरिपुरा, 5. कराड़िया (बोरखेड़ी), 6. सकरिया खेड़ी, 7. ढोलनी, 8. झोबरा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. बघेल, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अगस्त 2010

क्र. डी-15-12-2010-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 12 अगस्त 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. बघेल, अपर सचिव.

Bhopal, the 12th August 2010

No.D-15-12-2010-XIV-3.—WHEREAS by this department Notification No. D-15-12-2010-XIV-3, dated 19th May, 2010 issued under the provisions of clause (i) of sub-section (1) of section 70 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government have signified its intention to alter the limit of the market area of Krishi Upaj Mandi Commettee Garoth of District Mandsaur (herein-after referred to as the "said market area" by including therewith the area comprising of fallowing villages specified in the schedule below in Garoth Tehsil of District Mandsaur (hereinafter rererred to as the "said area").

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of Section 71 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette, hereby alter the limit of the "said market area" for the purpose of the said Act, by including the "said area" comprising of following villages mentioned in the schedule therewith the market area of Krishi Upaj Mandi Commettee Garoth of District Mandsaur:—

SCHEDULE

1. Garoth, 2. Bhilkhedi, 3. Baarakhedi, 4. Haripura, 5. Karadiya (Borkhedi), 6. Sakariya Khedi, 7. Dholni, 8. Jhobra.

By Order and in the name of the Governor of the
Madhya Pradesh,
B.S. BAGHEL, Addl. Secy.

खनिज साधन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अगस्त 2010

क्र. एफ-2-25-06-बारह-1.— मेसर्स मेटल माइनिंग इंडिया प्रा. लि. द्वारा जिला कटनी, उमरिया एवं शहडोल में सोना, तांबा, लेड, जिंक खनिजों की खोज हेतु अवीक्षी अनुज्ञापंत्र अन्तर्गत टोही कार्यों हेतु धारित 180 वर्ग कि. मी. क्षेत्र का समर्पण किया गया है. इस क्षेत्र को खनि रियायत नियम, 1960 के नियम 59 के उप नियम (1) के खण्ड (एक) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा, खुला घोषित करती है. क्षेत्र का विवरण निम्नानुसार है:—

बिन्दु	अक्षांश	देक्षांश
(1)	(2)	(3)
ब्लाक 1		
1	23° 50' 36"	80° 38' 54"
2	23° 51' 58"	80° 41' 39"
3	23° 51' 40"	80° 41' 50"
4	23° 55' 31"	80° 50' 48"
6	23° 54' 20"	80° 51' 42"
6	23° 50' 22"	80° 42' 31"
7	23° 49' 22"	80° 43' 05"
8	23° 48' 00"	80° 40' 35"

4 से 5 जिला सीमा

(1)	(2)	(3)
ब्लाक 2		
9	23° 55' 08"	80° 52' 37"
10	23° 59' 17"	81° 03' 44"
11	23° 58' 08"	81° 04' 11"
12	24° 00' 01"	81° 09' 04"
13	24° 01' 21"	81° 08' 24"
14	24° 01' 45"	81° 09' 30"
15	23° 59' 23"	81° 10' 50"
16	23° 52' 51"	80° 53' 40"

इस अधिसूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशन की तारीख से 30 दिवस की कालावधि समाप्ति के पश्चात्, 90 दिवस तक खुला घोषित क्षेत्र स्वीकृति हेतु उपलब्ध होगा. उक्त क्षेत्र का मानचित्र संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म "खनिज भवन" 29-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल में अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्यालयीन दिवस में अवलोकन हेतु उपलब्ध होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. तोमर, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 13 अगस्त 2010

क्र. एफ-2-25-06-बारह-1.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना समक्रमांक दिनांक 13 अगस्त 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. तोमर, उपसचिव.

Bhopal, the 13th August 2010

No. F-2-25-06-XII-1.—In exercise of posers conferred by clause (a) of sub rule (1) of rule 59 of the Mineral Concession Rule, 1960 the State Government hereby declare throw open an area of 180 Km^2 in Katni, Umariya & Shahdol Districts which was previously held by M/s Metal Mining India Private Limited, for the reconnanissance operations of Gold, Copper, Lead, Zinc minerals under reconnaissance permit, which has now been surrendered. Details of the area are as below:—

Point	Latitude	Longitude
(1)	(2)	(3)
BLOCK 1		
1	23° 50' 36"	80° 38' 54"

(1)	(2)	(3)
2	23° 51' 58"	80° 41' 39"
3	23° 51' 40"	80° 41' 50"
4	23° 55' 31"	80° 50' 48"
5	23° 54' 20"	80° 51' 42"
6	23° 50' 22"	80° 42' 31"
7	23° 49' 22"	80° 43' 05"
8	23° 48' 00"	80° 40' 35"

4 to 5 District Boundary

BLOCK 2

9	23° 55' 08"	80° 52' 37"
10	23° 59' 17"	81° 03' 44"
11	23° 58' 08"	81° 04' 11"
12	24° 00' 01"	81° 09' 04"
13	24° 01' 21"	81° 08' 24"
14	24° 01' 45"	81° 09' 30"
15	23° 59' 23"	81° 10' 50"
16	23° 52' 51"	80° 53' 40"

The area shall be available for regrant after 30 days from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette, till 90 days. The Plan of the aforesaid area can be seen in the Directorate of Geology and Mining, Khanij Bhawan, 29-A, Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh, on any working day after publication of this notification.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
A. K. TOMAR, Dy. Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 13 अगस्त 2010

फा. क्र. 3(ए)11-2009-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री गुरूबख्श सिंह, प्रथम अपर जिला सेशन न्यायाधीश, मुरैना का त्यागपत्र दिनांक 3 अगस्त 2010 के अपरान्ह से स्वीकृत करता है.

भोपाल, दिनांक 16 अगस्त 2010

फा. क्र. 1(अ)-3-03-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, निम्नलिखित अधिवक्ताओं को महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर में उनके नाम के समक्ष दर्शाये गये पद एवं निश्चित् मासिक पारिश्रमिक पर महाधिवक्ता के परामर्श से उच्च न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए आदेश जारी होने के दिनांक से 15 अगस्त 2011 तक एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करता है. उक्त अवधि में दोनों पक्ष एक माह का नोटिस देकर यह संविदा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे:—

महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर

क्रमांक	शास. अधिवक्ता का नाम	पद	पारिश्रमिक प्रतिमाह
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री समीर चिले	शास. अधिवक्ता	20,000
2	श्री संजय द्विवेदी	शास. अधिवक्ता	20,000
3	श्री राजेश तिवारी	शास. अधिवक्ता	20,000
4	श्री अखिलेन्द्र सिंह	शास. अधिवक्ता	20,000
5	श्री समदर्शी तिवारी	शास. अधिवक्ता	20,000
6	श्री बृजेन्द्रनाथ मिश्रा	शास. अधिवक्ता	20,000

क्रमांक	उप शास. अधिवक्ता का नाम	पद	पारिश्रमिक प्रतिमाह
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री अखिलेश शुक्ला	उप शास. अधिवक्ता	17,000

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014 न्याय प्रशासन (14) कानूनी सलाहकार और परिषद् (3428) महाधिवक्ता-01-वेतन-001-अधिकारियों वेतन के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. मिश्रा, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

फा. क्र. 17(ई)231-2008-इक्कीस-ब(दो).—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जुलाई 2010 द्वारा रिट याचिका क्रमांक 11122/2008 राजकिशोर चौधरी विरुद्ध शासन में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 8 मई 2009 के परिपालन में श्री लालमणि सिंह बघेल, अधिवक्ता, निवासी-बजरंग कालोनी, तहसील नागौद, जिला सतना का तहसील नागौद में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया गया था परन्तु उक्त वर्णित रिट याचिका की रिट अपील क्रमांक 482/2009 लालमणि सिंह बघेल एवं प्रभुदयाल पाण्डेय विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में विचाराधीन है और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण में यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये हैं, उक्त आदेश के परिपालन में इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जुलाई 2010 निरस्त किया जाता है.

फा. क्र. 17(ई)232-2008-इक्कीस-ब(दो).—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जुलाई 2010 द्वारा रिट याचिका क्रमांक 11122/2008 राजकिशोर चौधरी विरुद्ध शासन में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 8 मई 2009 के परिपालन में श्री प्रभुदयाल पाण्डेय, अधिवक्ता, निवासी-शास्त्री नगर, तहसील नागौद, जिला सतना का तहसील नागौद में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया गया था परन्तु उक्त रिट याचिका की रिट अपील क्रमांक 482/2009 लालमणि सिंह बघेल एवं प्रभुदयाल पाण्डेय विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में विचाराधीन है और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण में यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये हैं, उक्त आदेश के परिपालन में इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 29 जुलाई 2010 निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 अगस्त 2010

क्र. एफ-13-10-10-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 1 की इकाई क्रमांक 4 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम. पी./ 3220 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 28 मई 2010 से 27 जून 2010 तक एक माह के लिये छूट देता है:—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इन्दौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियत कालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत कुमार व्यास, अपर सचिव.

परिवहन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

क्र. एफ-22-39-10-आठ.—केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 65 की उपधारा 2 के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों एवं मध्यप्रदेश मोटरयान नियम, 1994 के नियम 41 के खण्ड 1 से 3 तक के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 7-2-89-आठ, दिनांक 23 जुलाई 89 एवं अधिसूचना क्रमांक 4-3-99-आठ, दिनांक 23 अगस्त 99 को अधिक्रमित करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा नीचे दी गयी सारणी के कॉलम (1) में विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी को पंजीयन चिन्ह के उपयोग के लिये इसके कालम (2) की तत्संबंधी प्रविष्टि विनिर्दिष्ट कोड संख्या कालम (3) में उल्लेखित वाहनों के लिये अधिसूचना के जारी होने के दिनांक से अधिकृत करती है:—

सारणी

पंजीयन प्राधिकार	कोड नम्बर	वाहनों का विवरण
सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, भोपाल.	01	महामहिम राज्यपाल की मोटरयानों के लिये
	02	समस्त शासकीय मोटरयानों के लिए.
	03	पुलिस विभाग की मोटरयानों के लिये.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिलीप राज द्विवेदी, उपसचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2010

क्र. एफ-3-126-2010-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 23-''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-126-2010-बत्तीस, दिनांक 21 जुलाई 2010 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित जबलपुर विकास योजना 2021 में निम्नलिखित उपांतरण की उल्लिखित शर्तों के साथ पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार है:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	करौंदी	खसरा क्र. 32/2	0.709	आमोद-प्रमोद के अन्तर्गत नगर, वन (वृक्षारोपण)	आमोद-प्रमोद अन्तर्गत इण्डोर स्टेडियम. शर्तें—1. यह उपांतरण शासकीय भूमि के खेल एवं युवा कल्याण विभाग को भूमि इण्डोर स्टेडियम हेतु आवंटित होने की दशा में ही प्रभावशील होगा. 2. जबलपुर विकास योजना 2021 की कण्डिका 4.6 के अनुसार तटीय क्षेत्र से 30 मीटर दूरी तक निर्माण निषेध होगा.
		योग . .	0.709		

(2) उपरोक्त उपांतरण जबलपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

क्र. एफ-3-127-2010-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 23-''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-127-2010-बत्तीस, दिनांक 21 जुलाई 2010 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित जबलपुर विकास योजना 2021 में निम्नलिखित उपांतरण की उल्लिखित शर्तों के साथ पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार है:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	करौंदी	खसरा क्र. 8/2	6.074 हेक्टेयर में से 0.605 हेक्टेयर	आमोद-प्रमोद के अन्तर्गत नगर, वन (वृक्षारोपण)	सार्वजनिक/अर्द्ध सार्वजनिक अन्तर्गत शैक्षणिक. शर्तें—1. यह उपांतरण शासकीय भूमि के शासकीय विद्यालय भवन निर्माण हेतु आवंटित होने की दशा में ही प्रभावशील होगा. 2. जबलपुर विकास योजना 2021 की कण्डिका 4.6 के अनुसार तटीय क्षेत्र से 30 मीटर दूरी तक निर्माण निषेध होगा. 3. जबलपुर विकास योजना 2021 के मापदण्ड के अनुसार विकास किया जाये.
		योग . .	0.605		

(2) उपरोक्त उपांतरण जबलपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी, सिवनी, मध्यप्रदेश

सिवनी, दिनांक 9 अगस्त 2010

क्र. 5305-सा.लि.-2010.--दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का अधिनियम संख्यांक 2) की धारा 2 (द) (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिला दण्डाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला अभियोजन अधिकारी, सिवनी की गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर सिवनी जिले की थाना एवं पुलिस चौकियों का परिसीमन किया जाता है.

मनोहर दुबे, जिला दण्डाधिकारी.

परिसीमन हेतु प्रस्ताव

स. क्र.	थाना का नाम	ग्रामों का नाम	ग्रामों की दूरी	ग्रामों को जिस थाना में सम्मिलित किया जाना है उस थाने का नाम	थाने से दूरी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	कान्हीवाडा	डूंडा सिवनी	16 कि.मी.	चौंकी पलारी	3 कि.मी.
2.	कान्हीवाडा	चामरमारा	13 कि.मी.	चौंकी पलारी	4 कि.मी.
3.	कान्हीवाडा	रोशान	12 कि.मी.	चौंकी पलारी	5 कि.मी.
4.	कान्हीवाडा	चन्दनवाडाकला	25 कि.मी.	चौंकी पलारी	6 कि.मी.
5.	कान्हीवाडा	चन्दनवाडाखुर्द	12 कि.मी.	चौंकी पलारी	8 कि.मी.
6.	कान्हीवाडा	डोकररांजी	15 कि.मी.	चौंकी पलारी	8 कि.मी.
7.	कान्हीवाडा	खापाबाजार	21 कि.मी.	चौंकी पलारी	15 कि.मी.
8.	कान्हीवाडा	डुंगरिया	27 कि.मी.	चौंकी पलारी	15 कि.मी.
9.	कान्हीवाडा	कंजई	19 कि.मी.	चौंकी पलारी	13 कि.मी.
10.	कान्हीवाडा	गोंडी हिनोतिया	19 कि.मी.	चौंकी पलारी	13 कि.मी.
11.	थाना लखनवाडा	आमा झिरिया	12 कि.मी.	थाना सिवनी	5 कि.मी.
12.	थाना लखनवाडा	पलारी	11 कि.मी.	थाना सिवनी	4 कि.मी.
13.	थाना लखनवाडा	छिडिया	12 कि.मी.	थाना सिवनी	5 कि.मी.
14.	थाना लखनवाडा	कोनियापार	5 कि.मी.	थाना सिवनी	3 कि.मी.
15.	थाना लखनवाडा	सिमरिया एनटीपीसी	12 कि.मी.	थाना सिवनी	5 कि.मी.
16.	थाना लखनवाडा	राधादेही	13 कि.मी.	थाना सिवनी	6 कि.मी.
17.	थाना लखनवाडा	कोहका	12 कि.मी.	थाना सिवनी	5 कि.मी.
18.	थाना लखनवाडा	रूंझाई	15 कि.मी.	थाना सिवनी	7 कि.मी.
19.	थाना लखनवाडा	भूरकाल खापा	15 कि.मी.	थाना सिवनी	7 कि.मी.
20.	थाना लखनवाडा	मठ्ठाटोला	15 कि.मी.	थाना सिवनी	7 कि.मी.
21.	थाना लखनवाडा	गहरानाला	13 कि.मी.	थाना सिवनी	6 कि.मी.
22.	थाना लखनवाडा	बकौडी	30 कि.मी.	थाना अरी	20 कि.मी.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
23.	थाना लखनवाडा	नान्हीकन्हान	20 कि.मी.	थांना अरी	12 कि.मी.
24.	थाना लखनवाडा	मेहराबोडी	22 कि.मी.	थाना अरी	14 कि.मी.
25.	थाना कुरई	लामाज्योति	35 कि.मी.	थाना लखनवाडा	15 कि.मी.
26.	थाना कुरई	आमगांव	30 कि.मी.	थाना लखनवाडा	20 कि.मी.
27.	थाना कुरई	सारसडोल	31 कि.मी.	थाना लखनवाडा	20 कि.मी.
28.	थाना कुरई	चिखली	33 कि.मी.	थाना लखनवाडा	22 कि.मी.
29.	थाना कुरई	बडगांव	30 कि.मी.	थाना अरी	20 कि.मी.
30.	थाना कुरई	बटामा	29 कि.मी.	थाना अरी	21 कि.मी.
31.	थाना कुरई	लेंहगी	28 कि.मी.	थाना अरी	22 कि.मी.
32.	थाना कुरई	मूण्डापार	30 कि.मी.	थाना अरी	12 कि.मी.
33.	थाना कुरई	करकोटी	34 कि.मी.	थाना अरी	12 कि.मी.
34.	थाना कुरई	केशरदिया	32 कि.मी.	थाना अरी	14 कि.मी.
35.	थाना कुरई	बकरमपाठ	37 कि.मी.	थाना अरी	15 कि.मी.
36.	थाना धूमा	सालीवाडा	24 कि.मी.	थाना लखनादौन	15 कि.मी.
37.	थाना धूमा	जमकोना	26 कि.मी.	थाना लखनादौन	18 कि.मी.
38.	थाना धूमा	खूबीरैयत	26 कि.मी.	थाना लखनादौन	19 कि.मी.
39.	थाना धूमा	दबकिया	25 कि.मी.	थाना लखनादौन	16 कि.मी.
40.	थाना धूमा	भानेरी	23 कि.मी.	थाना लखनादौन	17 कि.मी.
41.	थाना किन्दरई	गाडाघाट	40 कि.मी.	थाना घंसौर	20 कि.मी.
42.	थाना किन्दरई	बसुरिया	38 कि.मी.	थाना घंसौर	19 कि.मी.
43.	थाना किन्दरई	मदनपुर	36 कि.मी.	थाना घंसौर	18 कि.मी.
44.	थाना किन्दरई	सारंगपुर	36 कि.मी.	थाना घंसौर	18 कि.मी.
45.	थाना किन्दरई	बीजासैन	40 कि.मी.	थाना घंसौर	23 कि.मी.
46.	थाना किन्दरई	कुदवारी	38 कि.मी.	थाना घंसौर	21 कि.मी.
47.	थाना किन्दरई	बगदरी	35 कि.मी.	थाना घंसौर	18 कि.मी.
48.	थाना किन्दरई	बरदिया	32 कि.मी.	थाना घंसौर	17 कि.मी.
49.	थाना किन्दरई	लेहडीकोल	30 कि.मी.	थाना घंसौर	18 कि.मी.
50.	थाना किन्दरई	चमरवाहा	32 कि.मी.	थाना घंसौर	20 कि.मी.
51.	थाना किन्दरई	जोबा	33 कि.मी.	थाना घंसौर	21 कि.मी.
52.	थाना किन्दरई	सर्रा	35 कि.मी.	थाना घंसौर	22 कि.मी.
53.	थाना किन्दरई	प्रतापगढ़	34 कि.मी.	थाना घंसौर	21 कि.मी.
54.	थाना किन्दरई	बरगांव	25 कि.मी.	थाना घंसौर	15 कि.मी.
55.	थाना किन्दरई	कुडोपार	18 कि.मी.	थाना घंसौर	10 कि.मी.
56.	थाना किन्दरई	मूंडापार	20 कि.मी.	थाना घंसौर	12 कि.मी.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

निर्वाचन भवन

58 अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

क्र. एफ-67-104-10-तीन-2453.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नाम निर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिए प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 1997" मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 6 जून 97 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए नगर पंचायत खुजनेर, जिला राजगढ़ के आम निर्वाचन में **सुश्री मीना मनीष उपाध्याय,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. नगर पंचायत खुजनेर, जिला राजगढ़ के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15-12-2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14-1-2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ के पत्र क्र. 561/व्यय लेखा/ 10 दिनांक 29 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री मीना मनीष उपाध्याय** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री मीना मनीष उपाध्याय** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 11-2-2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ के माध्यम से दिनांक 18-2-2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री मीना मनीष उपाध्याय को नोटिस दिनांक 18-2-2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 5-3-2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरांत कलेक्टर, राजगढ़ ने अपने पत्र दिनांक 3-5-2010 में लेख किया कि "**सुश्री मीना मनीष उपाध्याय** को जारी कारण बताओ सूचना-पत्र तामीली के पश्चात् उक्त अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किये गये.". आयोग द्वारा दिनांक 31-5-2010 को **सुश्री मीना मनीष उपाध्याय** को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 7-6-2010 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. किन्तु वे आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई और ना ही उनके द्वारा आयोग में इस संबंध में कोई अभ्यावेदन ही प्रेषित किया गया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत: मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री मीना मनीष उपाध्याय** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर पंचायत खुजनेर, जिला राजगढ़ का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 5 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(रजनी उइके)

सचिव

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

क्र. एफ-67-93-10-तीन-2455.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिए प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 6 जून 97 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए नगर पंचायत करनावद, जिला देवास, के आम निर्वाचन में **श्री मांगीलाल डाबी,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. नगर पंचायत करनावद जिला देवास के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17-12-2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16-1-2010 तक, किन्तु 16-1-10 एवं 17-1-10 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18-1-10 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, देवास के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, देवास के पत्र क्र. 193/ स्था. निर्वा./ 10 दिनांक 21 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री मांगीलाल डाबी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री मांगीलाल डाबी** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 6-2-2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, देवास के माध्यम से दिनांक 25-2-2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री मांगीलाल डाबी, को नोटिस दिनांक 25-2-2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 12-3-2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 11-3-10 को आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखा एवं अभ्यावेदन चिकित्सक के प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किए गए. अभ्यावेदन में उन्होंने लेख किया कि ''चुनाव के तुरन्त पश्चात् मेरा स्वास्थ्य बिगड़ जाने से, चिकित्सक की सलाह पर घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहा था. आपका यह पत्र मिलने पर मैं सम्पूर्ण लेखा लेकर माननीय जिला निर्वाचन महो. के समक्ष दि. 5-3-10 को प्रस्तुत हुआ. मान. अधिकारी महो. ने बताया कि इसकी समय-सीमा निकल चुकी है व उनकी सलाह पर राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय पर लेखा जोखा प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित हुआ हूं.'' आयोग द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त अभ्यावेदन कलेक्टर, देवास को अभिमत हेतु भेजे गये. कलेक्टर, देवास ने अपने अभिमत में लेख किया कि ''अभ्यावेदन के संलग्न चिकित्सक का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया है, उसमें अवधि दिनांक 14-1-10 से दिनांक 7-3-10 दर्शाई गई है जबकि व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने की तिथि अर्थात् दि. 17-12-09 से 30 दिवस अर्थात् 18-1-10 तक प्रस्तुत करना था. यह कि अभ्यर्थी के पास पर्याप्त समय था तथा स्वास्थ्य तो 14-1-10 से खराब हुआ है. अभ्यर्थी द्वारा जो चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया है, वह भी शासकीय चिकित्सक का नहीं है. उपरोक्त वर्णित स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत लेखे स्वीकार योग्य प्रतीत नहीं होता है.

आयोग द्वारा दिनांक 31-5-10 को **श्री मांगीलाल डाबी** को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 7-6-10 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. सूचना-पत्र की तामीली दिनांक 3-6-10 को हुई. किन्तु वे व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत: मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री मांगीलाल डाबी** को इस प्रकार चुने

जाने के लिये तथा नगर पंचायत करनावद जिला देवास का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 04 वर्ष (चार वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(रजनी उइके)
सचिव
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

क्र. एफ-67-172-10-तीन-2457.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिए प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 6 जून 97 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए नगर पंचायत, पृथ्वीपुर जिला टीकमगढ़ के आम निर्वाचन में **सुश्री आर्य कलावती कोरी,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत पृथ्वीपुर जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17-12-2009 की घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16-1-2010 तक, किन्तु 16-1-10 एवं 17-1-10 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18-1-10 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी टीकमगढ़ के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टीकमगढ़ के पत्र क्र. न.नि./व्यय लेखा/10/406, दिनांक 29 जनवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री आर्य कलावती कोरी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री आर्य कलावती कोरी** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 16-2-2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टीकमगढ़ के माध्यम से दिनांक 26-3-2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री आर्य कलावती कोरी को नोटिस दिनांक 26-3-2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 10-4-2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरांत कलेक्टर, टीकमगढ़ ने अपने पत्र दिनांक 4-5-2010 में लेख किया कि "**सुश्री आर्य कलावती कोरी** को जारी कारण बताओ नोटिस की तामीली के पश्चात् नोटिस में उल्लेखित अवधि में अपना निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है" आयोग द्वारा दिनांक 31-5-2010 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 7-6-10 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर, टीकमगढ़ द्वारा दिनांक 5-6-10 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत: मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री आर्य कलावती कोरी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत पृथ्वीपुर, जिला टीकमगढ़** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख

से 5 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(रजनी उइके)
सचिव
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2010

क्र. एफ-67-102-10-तीन-2464.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नाम निर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिए प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 1997'' मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 6 जून 97 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

